(b) whether it is also a fact that a large number of such plant products are available and known and some of them are being marketed by many Indian manufacturers throughout the country claimed to be effective against various diseases;

(c) whether Government will ensure that each of these preparations is fully tested under controlled conditions; and

(d) whether this work will be assigned and distributed to various medical colleges who will be responsible for plant product grown and manufactured in their areas/States?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI MOTI LAL VORA): (a) to (d) The requisite information is being collected and will be laid on the Table of the Sabha.

515. [*Transferred to the 24th November, 1988*].

लारेंस रोड, नई दिल्ली में एक नए सी.जी.एच.एस. औषधालय का खोला जाना

516. **डा. गोविंद दास चिछारिया :** क्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लारेंस रोड दिल्ली में रहने वाले लगभग दो हजार सरकारी कर्मचारी जो केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना औषधालय अशोक विहार से संबंधित हैं ; अपने लिए एक अलग औषधालय खोले जाने की मांग करते रहे हैं जिसका समर्थन क्षेत्रीय कल्याण अधिकारी और केन्द्रीय सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने भी किया है ; और

(ख) यदि हां, तो सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के कल्याण के लिए अशोक विहार औषधालय का विभाजन करके लारेंस रोड के लिए एक पृथक औषधालय खोले जाने के प्रस्ताव को सरकार द्वारा कब तक स्वीकृति प्रदान कर दिए जाने का विचार है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री मोतीलाल वोरा) : (क) और (ख) चूंकि कोई नया औषधालय खोलने के लिए लारेंस रोड में लाभार्थियों की संख्या निर्धारित मानदंडों से काफी कम है, इसलिए लारेंस रोड के लिए अलग औषधालय खोलना आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य नहीं है। तथापि, लारेंस रोड के लाभार्थी निकट स्थित अशोक विहार औषधालय से चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त कर लेते हैं ।

केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना के औषधालयों में दवाइयों की कम मात्रा में पूर्ति

517. **डा. गोविंद दास चिछारिया :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली स्थित केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना के औषधालयों में दवाइयों की कमी रहती है और पिछले दिनों इसकी अनेक शिकायतें मिली हैं; और

(ख) क्या यह भी सच है कि अशोक विहार औषधालय और कुछ अन्य औषधालयों में बुखार की साधारण दवाइयां भी दो महीने तक उपलब्ध नहीं थीं तथा इनमें अन्य आवश्यक दवाइयों का भी अभाव रहा , यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मंत्री (श्री मोतीलाल वोरा) : (क) और (ख) अशोक विहार स्थित केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना औषधालय के साथ-साथ केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना औषधालयों में औषधों की कम सप्लाई/अनुपलब्धता के बारे में कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थीं। ज्वर और आन्त्रशोथ आदि के रोगियों में अकस्मात वृद्धि हो जाने के कारण कुछेक औषधों की अधिक खपत होने से यह कमी हुई थी । इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थियों और उनके परिवार के सदस्यों को औषधों की अस्थायी कमी के कारण तकलीफ न हो, ये औषधें मैडिकल स्टोर/